कोटद्वार, शुक्रवार
22 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 110 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### युवक ने खुद को मारी गोली, मौत, भाजपा नेता गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के तलसारी गांव निवासी एक युवक ने स्वयं को अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से परिजन सदमे में हैं। युवक का मरने से पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस ने भाजपा नेता को गिरफ्तार किया है। परिजनों ने पुलिस को इस मामले में तहरीर देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पौड़ी जनपद के तलसारी गांव में शुक्रवार सुबह जितेंद्र सिंह नेगी (32) पुत्र सतीश चंद्र ने अपने ही घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली युवक के गले में लगते हुए बाहर निकली है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि युवक प्रॉपर्टी से संबंधित कामकाज करता था और शादीशुदा था। पुलिस और फॉरेन्सिक टीम ने घटनास्थल से 12 बोर की एक बंदूक और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। घटना से पहले जितेंद्र ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया था, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात कही और भाजपा नेता पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और सबूत जुटाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी हिमांशु चमोली को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा सभी आवश्यक तथ्य एवं साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### मलबा हटवाकर बदरीनाथ हाईवे खुलवाया

ऋषिकेश। बदरीनाथ हाईवे बाधित होने का सिलसिला जारी है। बुधवार रात और गुरुवार सुबह मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे फिर बाधित हो गया। एनएच और रेल विकास निगम की जेसीबी ने मलबा हटवाकर यातायात सामान्य कराया। बीते दस दिन में पांच बार 47 घंटे मार्ग बाधित हो चुका है। बुधवार रात आठ बजे शिवपुरी के पास अचानक मलबा आने से मार्ग बाधित हो गया। रात के समय गैरसैंण में विधानसभा सत्र से मंत्री, विधायक और अधिकारी लौट रहे थे। मार्ग बाधित होने पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी समेत कई मंत्री श्रीनगर–मलेथा–घनसाली–चंबा होकर दून निकले, जबकि कुछ मार्ग खुलने का इंतजार करते रहे। करीब दो घंटे में मलबा हटाकर मार्ग खोल दिया गया। एनएच प्रशासन एवं रेल विकास निगम में काम कर रही कंपनियों की जेसीबी लगवाकर मार्ग खुलवाया गया। गुरुवार सुबह 6 बजे भी इसी स्थान पर मार्ग बाधित हो गया, जिसे करीब एक घंटे में ही मलबा हटाकर खोल दिया गया। एनएच के सहायक अभियंता ललित मोहन बेंजवाल ने बताया कि बुधवार रात बारिश के चलते शिवपुरी के पास भूस्खलन हो गया। रात में ही मार्ग खोल दिया गया। लेकिन गुरुवार सुबह भी मलबा आ गिरा। जिसे कुछ ही देर में हटा दिय गया। बताया कि व्यासी एवं शिवपुरी के पास मलबा लगातार गिर रहा है।

### 190 किलो वजन की महिला को दी नई जिंदगी

देहरादून।दून के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने एक 41 वर्षीय महिला की अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण बैरिएट्रिक सर्जरी कर उन्हें नई जिंदगी दी। गुरुवार को अस्पताल की अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर ऑफ बैरिएट्रिक सर्जरी डॉ. विशाल निधि कुलश्रेष्ठ ने इस केस की जानकारी पत्रकारों को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि महिला का बॉडी मास इंडेक्स 69 था। यह इंडेक्स बैरिएट्रिक सर्जरी के लिए निर्धारित 32.5 के सामान्य मानक से दोगुना से भी अधिक था। यह अत्यधिक मोटापा की श्रेणी में थीं। इन्हें स्लीप एपनिया की समस्या थी और भविष्य में अन्य गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती थी। इसीलिए उनकी बैरिएट्रिक सर्जरी की गई।

सर्जरी लगभग छह घंटे तक चली और ऑपरेशन के तीसरे दिन ही मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। रिकवरी बेहद अच्छी रही।

# लोकसभा से 12 और राज्यसभा से 14 विधेयक पारित हुए

## मानसून सत्र का लेखा–जोखा : लोकसभा में केवल 37 घंटे चर्चा हुई

नईदिल्ली, 21 जुलाई से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र का आज आखिरी दिन था। विपक्ष के हंगामे के चलते आज लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। हंगामे को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को फटकार भी लगाई। इस सत्र में बिहार में एसआईआर को लेकर खूब विवाद हुआ, जिसने दोनों सदनों की कार्यवाही को प्रभावित किया। सत्र के दौरान लोकसभा से 12 और राज्यसभा से 14 विधेयक पारित हुए। लोकसभा से मर्चेंट शिपिंग विधेयक, मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, आयकर विधेयक, टैक्सेशन लॉज (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनन और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और आईआईएम संशोधन विधेयक पारित हुए। राज्यसभा में मणिपुर से जुड़े 2 विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक बिल और गोवा विधानसभा से जुड़ा प्रतिनिधित्व संशोधन विधेयक समेत कुछ



और विधेयक पारित हुए।लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा विधेयक पारित किया गया। इसमें मनी आधारित गेमों को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने वाले 3 विधेयक भी पेश किए गए। इनमें प्रावधान हैं कि अगर मुख्यमंत्री और मंत्री को 30 दिन तक लगातार हिरासत में रखा गया तो उन्हें पद से इस्तीफा देना होगा। विपक्ष ने इन विधेयकों की प्रति फाड़कर उसकी टुकड़े गृह मंत्री अमित शाह की ओर फेंक दिए।लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि सदन में केवल 37 घंटे ही चर्चा हो सकी, जबकि 120 घंटे का समय निर्धारित किया गया था। साथ ही 2 बार स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। उन्होंने बताया कि सत्र में 419 सवाल किए गए, जिनमें से 55 के उत्तर दिए गए। स्पीकर ने हंगामे पर नाराजगी भी जताई। संसद के दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल नहीं हो सका।संसद में सबसे ज्यादा हंगामा बिहार में चुनाव आयोग के एसआईआर के मुद्दे पर हुआ। इसे लेकर विपक्षी सांसदों ने लगभग हर दिन सदन परिसर में प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विशेष चर्चा भी हुई। इसके बाद कथित वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। हंगामे के बीच कई अहम विधेयक बिना चर्चा के ध्वनिमत, आंशिक चर्चा या विपक्ष के वॉकआउट के बीच ही पारित हो गए।

### हैदराबाद में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

हैदराबाद,तेलंगाना के हैदराबाद के मियापुर थानाक्षेत्र में मक्था महाबूबपेट में गुरुवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, सभी दृष्टिकोणों से इस पूरी घटना की जांच में जुटी है.बताया जाता है कि मृतकों में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी, बेटी, दामाद और एक दो साल का बच्चा शामिल है. उनकी पहचान लक्ष्मैया (60), वेंकटम्मा (55), अनिल (32), कविता (24) और अप्पू (2) के रूप में हुई है. वे कर्नाटक के गुलबर्गा जिले के रहने वाले थे और पिछले छह सालों से हैदराबाद में रह रहे थे.मियापुर पुलिस ने बताया, हमें सूचना मिली कि महबूबपेट इलाके के मक्था स्थित अपने घर में एक ही परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए हैं. मृतकों में एक पुरुष, उसकी पत्नी, उनकी बेटी, दामाद और पोती शामिल हैं. उन्होंने आगे बताया, हमने मामला दर्ज कर लिया है और फिलहाल मामले की जाँच कर रहे हैं.प्रारंभिक जांच के अनुसार पुलिस को संदेह है कि उन्होंने आत्महत्या की है. पुलिस ने बताया कि मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

# सीएम धामी ने की खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भेंट

### – उत्तराखंड में खेल सुविधाओं के विकास में सहयोग मांगा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से भेंट कर राज्य में खेलों के व्यापक विकास, उच्च स्तरीय खेल अवस्थापना के निर्माण तथा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की और केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग के लिए प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस खेल महाकुंभ ने उत्तराखण्ड को एक नई पहचान दिलाई है। इस आयोजन के माध्यम से उत्तराखण्ड ने स्वयं को एक 'खेलभूमि' के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जिला



अल्मोड़ा के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधा की स्थापना, देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आईस स्केटिंग रिंग का संचालन, जिला नई टिहरी में साहसिक प्रशिक्षण केन्द्र का उच्चीकरण, चंपावत के महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग की सुविधा और राज्य के 95 विकासखण्डों में बहुउद्देशीय क्रीड़ाहॉल के निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में राज्य का प्रथम खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जो राज्य एवं देश के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ–साथ खेल से संबंधित शैक्षणिक कोर्सेज़ की सुविधा भी प्रदान करेगा। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को एक अग्रणी खेल संस्थान के रूप में विकसित करने हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग और यथासंभव आर्थिक सहायता/अनुदान प्रदान करने का आग्रह किया।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए बी सुदर्शन रेड्डी ने किया नामांकन

### –इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार संग दिखे सोनिया–राहुल

नई दिल्ली,उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए नामांकन का दौर जारी है. विपक्षी दलों (इंडिया ब्लॉक) के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. उन्होंने अब से कुछ देर पहले ही नामांकन किया.

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत तमाम विपक्षी दलों के नेता उपस्थित रहे. वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कैंडीडेट और महाराष्ट्र के गवर्नर सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया था.

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन के बाद जोर देकर कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि उस भारत के विचार की पुष्टि करता है जहां



संसद ईमानदारी से काम करे, असहमति का सम्मान हो और संस्थाएँ स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करें. वहीं, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी ने संकल्प लिया कि अगर वे निर्वाचित होते हैं, तो उपराष्ट्रपति पद की भूमिका निष्पक्षता, गरिमा और संवाद व शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे.

रेड्डी ने एक बयान में कहा कि आज, मुझे विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सम्मान मिला. मैंने यह काम विनम्रता, ज़िम्मेदारी और हमारे संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ किया. उन्होंने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधि के छात्र और इस गणराज्य की लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित एक नागरिक के रूप में, जनसेवा के मेरे जीवन ने मुझे सिखाया है कि भारत की असली ताकत प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, संवैधानिक नैतिकता की रक्षा और हमारी विविधता में एकता में निहित है. उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में उपराष्ट्रपति पर संसदीय लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि यदि निर्वाचित होता हूं, तो मैं निष्पक्षता, गरिमा और संवाद एवं शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ इस भूमिका का निर्वहन करने का वचन देता हूं. रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा उन पर भरोसा जताने के लिए और उन अनगिनत नागरिकों के प्रति भी गहरा आभार व्यक्त किया जो न्याय, समानता और सद्भाव के इस सामूहिक संघर्ष को प्रेरित करते रहते हैं.

रेड्डी ने आगे कहा कि हमारे संविधान में आस्था और अपने लोगों में आशा के साथ, मैं इस यात्रा पर निकल रहा हूं. हमारी लोकतांत्रिक भावना हम सभी का मार्गदर्शन करती रहे. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं. राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी मतदान के पात्र होते हैं. निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है.

### स्क्रब टायफस से जूझ रहे मासूम की बचाई जान

उत्तरकाशी।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरोला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज असवाल ने स्क्रब टायफस जैसी दुलर्भ बीमारी से जूझ रहे मोरी ब्लॉक के भीतरी गांव निवासी 07 वर्षीय दीपराज की जान बचाकर एक नया कीर्तिमान हासिल किया है।

चिकित्सक की अनुभवशीलता व मरीजो के प्रति संवेदना को देखकर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरोला के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज असवाल ने बताया कि गत दिवस मोरी ब्लॉक के भितरी गांव निवासी दीपराज उम्र 07 वर्ष को उसके माता–पिता अस्पताल लेकर आये। जहां–जहां स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान पता चला कि बच्चा स्क्रब टायफस जैसी दुलर्भ बीमारी से ग्रसित है। बताया कि अस्पताल पहुँचने पर बच्चे की हालत नाजुक थी और ऑक्सीजन लेवल भी मात्र 20% तक पहुँच चुका था। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते जांच की गई तो मासूम बच्चा स्क्रब टायफस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित था।

# ट्रंप के टैरिफ के बीच एस जयशंकर का रूसी कंपनियों को गहराई से जुड़ने का न्यौता

नईदिल्ली,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर मॉस्को पहुंचे हैं, जहां उन्होंने रूस के साथ व्यापार बढ़ने पर जोर दिया और भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत बताई। भारत–रूस व्यापार मंच पर जयशंकर ने कहा कि जिस तरह भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में विदेश व्यवसाय के लिए नए द्वार खुले हैं। जयशंकर ने कहा, 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की जीडीपी और निकट भविष्य में 7 प्रतिशत की दर से विकास करने वाले भारत को विश्वसनीय स्रोतों से बड़े पैमाने पर संसाधनों की स्पष्ट आवश्यकता है। कुछ मामलों में, आवश्यक उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है, जैसे उर्वरक, रसायन, मशीनरी, आदि। इसका तेजी से बढ़ता बुनियादी ढांचा उन उद्यमों के लिए



व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है जिनका अपने देश में एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड है। जयशंकर ने आगे कहा, मेक इन इंडिया और ऐसी ही अन्य पहलों ने विदेशी व्यवसायों के लिए नए द्वार खोले हैं। भारत का आधुनिकीकरण और शहरीकरण उपभोग और जीवनशैली में बदलाव के कारण अपनी मांगें उत्पन्न करता है। इनमें से प्रत्येक आयाम रूसी कंपनियों को अपने भारतीय समकक्षों के साथ अधिक गहनता से जुड़ने का निमंत्रण देता है।

## सरकार का बड़ा कदम

# दिवाली और छठ पूजा के लिए चलाई जाएंगी 12,000 से अधिक स्पेशल ट्रेन

नई दिल्ली , केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाएगा।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि 13 से 26 अक्टूबर के बीच आगे की यात्रा करने वाले यात्रियों और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए वापसी टिकटों पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी दिवाली और छठ त्योहारों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा,यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को उनकी वापसी यात्रा के दौरान कोई कठिनाई न



हो। इसके अलावा, गया से दिल्ली, सहरसा से अमृतसर, छपरा से दिल्ली और मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के लिए चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों और खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नई सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी। यह ट्रेन वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, राजगीर, गया और कोडरमा तक जाएगी। बक्सर–लखीसराय रेल खंड का विस्तार चार–लाइन वाले कॉरिडोर में किया जाएगा, जिससे ज्यादा ट्रेन चल सकेंगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटना के चारों ओर एक रिंग रेलवे प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें सुल्तानगंज और देवघर को रेल से जोड़ा जाएगा। पटना और अयोध्या के बीच एक नई रेल सेवा भी चलाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि लौकहा बाजार में एक वाशिंग पिट सुविधा स्थापित की जाएगी और बिहार में कई नए स्वीकृत सड़क ओवरब्रिजों पर काम किया जाएगा।

### हल्द्वानी निवासी व्यक्ति से 54.30 लाख की साइबर ठगी

रुद्रपुर। हल्द्वानी निवासी एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केटिंग के विज्ञापन के नाम पर 54 लाख रुपये की साइबर ठगी हो गई। उसके व्हाट्सएप पर स्टॉक मार्केटिंग विज्ञापन का लिंक आया था। मोटा मुनाफा कमाने के लालच ने उसका लाखों का नुकसान करा दिया। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पंतनगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, हल्द्वानी के नवाबी रोड निवासी गंगा सिंह परिहार पुत्र कुशल सिंह परिहार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 जून 2025 को उनके व्हाट्सएप पर स्टॉक मार्केटिंग का विज्ञापन आया। लिंक पर क्लिक करने के बाद अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को कथित अभिनंदन स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधि बताते हुए उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया। इस ग्रुप में रोजाना नकली मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा किए जाते थे, जिससे उन्हें भरोसा हो गया और उन्होंने ट्रेडिंग अकाउंट खोल लिया। साइबर अपराधियों ने शुरुआत में 50 हजार रुपये निवेश कराने के बाद लगातार बड़ी रकम जमा कराने के लिए लालच दिया। 10 जुलाई से 12 अगस्त के बीच उन्होंने अलग–अलग बैंकों के खातों से कुल 54.30 लाख रुपये ट्रांसफर किए। कुछ समय बाद जब उन्होंने अन्य जानकारी लेने के लिए ग्रुप के सदस्यों से संपर्क करना चाहा तो सभी नंबर बंद मिले ।

# टीएमसी के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है: मोदी

कोलकाता/नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आज (शुक्रवार) महानगर कोलकाता में 5,200 करोड़ की लागत वाली मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। अपनी यात्रा से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया: "मैं कोलकाता में एक रैली में कार्यकर्ताओं के बीच शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। हर गुजरते दिन के साथ, टीएमसी के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। हमारे विकास एजेंडे के कारण पश्चिम बंगाल भाजपा की ओर उत्सुकता से देख रहा है।"

इस उद्घाटन के साथ ही शहर भर में 13.61 किलोमीटर लंबे मेट्रो नेटवर्क का शुभारंभ होगा। मेट्रो सेवाएं तीन प्रमुख मार्गों पर शुरू होंगी: नोआपाड़ा–जय हिंद हवाई अड्डा, सियालदह–एस्प्लेनेड और



बेलियाघाटा–हेमंत मुखोपाध्याय। प्रधानमंत्री मोदी जेसोर रोड से नोआपारा–जय हिंद हवाई अड्डा मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे, सियालदह–एस्प्लेनेड और बेलियाघाटा–हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो लाइनों का उद्घाटन करेंगे और हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर एक नए सबवे का उद्घाटन करेंगे। नोआपाड़ा–जय हिंद एयरपोर्ट मेट्रो सेवा से हवाई अड्डे तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। सियालदह–एस्प्लेनेड लाइन दोनों स्थानों के बीच यात्रा के समय को लगभग 40 मिनट से घटाकर केवल 11 मिनट कर देगी।

# सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जम्मू–कश्मीर के 6 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया

श्रीनगर,सीबीआई ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक पुलिसकर्मी को कथित तौर पर हिरासत में प्रताड़ित करने के मामले में छह पुलिसकर्मियों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया. ये गिरफ्तारियां सुप्रीम कोर्ट के 21 जुलाई के निर्देश के बाद की गई है जिसमें जम्मू–कश्मीर में एक पुलिस कांस्टेबल के साथ क्रूर और अमानवीय यातना को गंभीरता से लिया गया था.अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार पुलिसकर्मियों में एक पुलिस उपाधीक्षक, एक निरीक्षक और एक सहायक उप–निरीक्षक शामिल हैं. आरोपी पुलिसकर्मियों को अपने हथियार और अन्य सरकारी सामान संबंधित जिला




पुलिस लाइन में जमा करने का निर्देश दिया गया है.आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक – जो मानदेय पर काम करने वाला एक विशेष पुलिस अधिकारी है – को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की सूची से हटा दिया गया है. अधिकारियों ने बताया कि आगे की जानकारी का इंतजार है. 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जम्मू–कश्मीर में एक पुलिस कांस्टेबल को हिरासत में क्रूर और अमानवीय यातना दिए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को उसे 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया.न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि अवैध हिरासत के दौरान कांस्टेबल को आई चोटें. विशेष रूप से उसके जननांगों को पूरी तरह से विकृत करना, उसके जननांगों पर काली मिर्च पाउडर डालना और बिजली के झटके देना, उसे दी गई अमानवीय गंभीर यातना की याद दिलाते हैं.पीठ ने कहा, इन सभी तथ्यों का संयुक्त प्रभाव इस न्यायालय की अंतरात्मा को बहुत अधिक झकझोर देने वाला है.

### दिनदहाड़े आबादी में घुसा जंगली हाथियों का झुंड, अफरा–तफरी मची

हरिद्वार। चार जंगली हाथियों का झुंड गुरुवार को जगजीतपुर क्षेत्र में घुस आया। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई।

हाथियों का झुंड गलियों में घूमता हुआ जमालपुर जा पहुंचा। हाथियों ने के आसपास कई खेतों में धान, गन्ने और मक्के की फसलें रौंद डालीं। ग्रामीणों के साथ ही वन प्रभाग की टीम ने ने दूर से शोर मचाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की लेकिन काफी देर तक हाथी कभी गलियों तो कभी खेतों में ही भागदौड़ करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को जंगल में खदेड़ा गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद कई लोगों ने हाथियों का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हुआ।

## जम्मू–पठानकोट हाईवे पर दर्दनाक हादसा :

# वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं की बस पुल से गिरी, एक की मौत, 40 घायल

सांबा ,जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक बस हादसा हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए। ये सभी यात्री उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रहे थे। जानकारी सामने आई कि यह हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी बस (रजिस्ट्रेशन नंबर– यूपी 81 बीटी 7688), कठुआ से कटरा की ओर जा रही थी। जिला सांबा के जतवाल क्षेत्र में अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए आगे आए और बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को जिला अस्पताल सांबा पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से 8 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स विजयपुर रेफर किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एक यात्री ने बताया कि वह अमरोहा आए थे और माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए कटरा जा रहे थे। बस में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। रास्ते में हादसा हुआ, जिसमें लगभग सभी लोगों को चोटें आई हैं।

## सम्पादकीय

### ऑनलाइन गेम्स पर लगाम

इंटरनेट का चलन बढ़ने के साथ ही कई गेमिंग एप भी शुरू हुए जिनकी लत में पड़कर न जाने कितने ही घर बर्बाद हो गए और कितनी ही कंपनियां लोगों की जमा पूंजी समेट कर गायब हो गई। इधर कुछ लोकप्रिय खेलों को लेकर भी सट्टेबाजी को नया रूप देते हुए गेमिंग की परंपरा शुरू हुई जिसमें खुले आम पैसों का लेनदेन होने लगा। कई बड़े खेल प्रतियोगिताओं को इन ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से लोगों को रातों–रात लखपति और करोड़पति बनने के सब्जबाग दिखाई जाने लगे। इधर केंद्र सरकार गेमिंग की इस लत को दूर करने के लिए इस पर कानूनी शिकंजा करने जा रही है जिसके तहत राज्यसभा में ऑनलाइल गेमिंग बिल पास कर दिया गया है। इससे पहले लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 पास किया गया था. इस बिल के तहत रियल–मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या इस बिल के पास होने के बाद घर–घर में खेले जा रहे ऑनलाइन गेम्स बंद हो पाएंगे? असल में केंद्र सरकार इस विधेयक को समाज में ऑनलाइन गेमिंग की लत, वित्तीय नुकसान और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए लाई है। जगजाहिर है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग से धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और आत्महत्याओं जैसे गंभीर परिणाम सामने आए हैं। चिंता की बात यह कि भारत में हर साल लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन गेमिंग में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। निश्चित तौर पर यह बिल युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को वित्तीय संकट और मानसिक तनाव से बचाएगा। बिल को लोकसभा और राज्यसभा में मंजूरी तो मिल गई है लेकिन अब इसे राष्ट्रपति की सहमति मिलना बाकी है। इसके बाद ही यह कानून का रूप लेगा। इस कानून का सीधा प्रभाव उन गेम्स पर होगा जहां लोग पैसे लगाते हैं जैसे ड्रीम 11, रमी सर्कल, माय11सर्कल और विन्जो जैसे प्लेटफॉर्म्स प्रभावित होंगे और अब ऐसा करना सट्टेबाजी के दायरे में आएगा। ऑनलाइन मनी गेमिंग का संचालन, प्रचार या विज्ञापन करने पर 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना, विज्ञापनदाताओं के लिए 2 साल की जेल और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित है। बैंकों और पेमेंट गेटवे को भी ऐसे लेनदेन की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, एक नेशनल ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की निगरानी करेगी। कुछ देशों में ऑनलाइन गेम्स को कानून के दायरे में रखा गया है लेकिन कड़े प्रतिबंधों के साथ तो कहीं इसे अपराध माना गया है। भारत में सट्टेबाजी एक अपराध है और इस कानून के पारित होने के बाद ऑनलाइन गेम इसी कानून के तहत निगरानी में होंगे। अब तक खुली छूट मिले होने के कारण बड़े पैमाने पर ऑनलाइन गेम का धंधा चल रहा था जिसमें कंपनियों के वारे न्यारे हो रहे थे तो दूसरी और लोग अपनी जमा पूंजी गंवा रहे हैं। सरकार का यह प्रयास सराहनीय है और यह लगभग तय है कि राष्ट्रपति के स्तर पर इस कानून को संवैधानिक रूप मिल जाएगा।

### डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें

हरिशंकर व्यास

ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया में इस समय सबसे बड़ी चिंता यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें। सब अपने अपने तरीके बता रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों उनके बहुत गहरे दोस्त हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि वे मोदी को बताएंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल करें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह बात मीडिया के जरिए नहीं, बल्कि निजी बातचीत में बताएंगे कि कैसे ट्रंप को हैंडल करें। सोचें, एक राष्ट्र का प्रधानमंत्री दूसरे देश के प्रधानमंत्री को बताएगा कि एक तीसरे देश के राष्ट्रपति को कैसे हैंडल किया जाएगा। पहले कभी इस किस्म की बात सुनने को नहीं मिली। इसी तरह जिस समय नेतन्याहू ने यह बात कही लगभग उसी समय ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था। लूला और प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत का मुद्दा यह था कि राष्ट्रपति ट्रंप को कैसे हैंडल करें। ध्यान रहे राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि लूला डी सिल्वा जब कहें तब वे उनसे बात करने को तैयार हैं। लेकिन लूला ने कहा कि वे ट्रंप से नहीं मोदी से बात करें। माना जा रहा है कि ब्राजील के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री दोनों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से निपटने या उनको हैंडल करने के बारे में बात की। दोनों की एक रणनीति दिख रही है कि अभी ट्रंप के दबाव के आगे नहीं झुकना है और अभी चुप रहना है। हो सकता है कि ट्रंप को हैंडल करने की यह रणनीति उससे अलग हो जो नेतन्याहू ने मोदी को बताने का वादा किया है। बहरहाल, इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर जा सकते हैं, जहां शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक से इतर उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से दोपक्षीय वार्ता हो सकती है। एससीओ सम्मेलन के दौरान चीन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मोदी को मिलेंगे। बाद में पुतिन भारत के दौरे पर भी आने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन में राष्ट्रपति शी जिनफिंग, राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी इस बात पर विचार करेंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल किया जाए।

# त्रासदी जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़

अजीत द्विवेदी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव के बह जाने की घटना का वीडिया भयावह है। पूरा देश उस वीडियो को देख रहा है और चिंतित हो रहा है कि आखिर यह सब क्या हो रहा है! जिनको जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़ के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है वे भी कह रहे हैं कि अब कुछ करना होगा। हालांकि यह तात्कालिक प्रतिक्रिया है श्मशान वैराग्य की तरह। क्योंकि अगर सरकारों और नागरिक समाज को चेत जाना होता तो 2013 का केदारनाथ हादसा उसके लिए बहुत था। उसके बाद तो पहाड़ों पर खास कर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में सब कुछ रोक कर प्रकृति के साथ की गई ज्यादतियों को ठीक करने की मुहिम शुरू हो गई होती।

आखिर उस पैमाने की त्रासदी तो पहाड़ों में कभी देखी नहीं गई थी। यह जरूर है कि 1952 में भयानक बारिश के बाद उत्तराखंड का एक पूरा कस्बा तबाह हो गया था लेकिन 2013 के केदारनाथ हादसे में जितने लोग मरे उतने तब भी नहीं मरे थे। केदारनाथ हादसे में आधिकारिक रूप से छह हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई और करीब चार हजार लोग अब भी लापता हैं। लेकिन हम लोगों ने उससे भी कोई सबक नहीं लिया। थोड़े दिन के शोक और गुस्से के बाद सब कुछ पहले की तरह चलता रहा।

अब उत्तरकाशी में खीरगंगा नदी के ऊपर बादल फटा या हैंगिंग ग्लेशियर टूट कर गिर गया, जिससे अचानक आई बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे में पूरा धराली कस्बा बह गया तो फिर चौतरफा चर्चा शुरू हो गई है और हर व्यक्ति कहने लगा है कि प्रकृति से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। लेकिन सवाल है कि क्या अब खिलवाड़ रूक जाएगा? क्या पहाड़ों में पनबिजली की परियोजनाएं नहीं बनेंगी? क्या नदियों का रास्ता मोड़ उनके प्राकृतिक प्रवाह को बाधित नहीं किया जाएगा? क्या पहाड़ों पर बड़े बड़ बांध नहीं बनाए जाएंगे? क्या पहाड़ों पर टूरिस्ट स्पॉट नहीं विकसित होंगे और नए रिसॉर्ट नहीं बनेंगे? क्या पहाड़ों में विकास की गतिविधियों के नाम पर अनाप–शनाप पेड़ों की कटाई बंद हो जाएगी? क्या अंधाधुंध खनन बंद हो जाएगा?

लिख कर रख लें, इसमें से कुछ नहीं होगा। धराली की घटना के बाद भी सब कुछ पहले की तरह चलता रहेगा। थोड़े दिन का पॉज होगा और उसके बाद फिर वही किस्सा। चाहे जोशीमठ में मकानों में दरार आ जाए या कहीं सुरंग धंस जाए, कहीं बादल फटे, कहीं भूस्खलन हो या कहीं बाढ़ आ जाए उससे नदियों, पहाड़ों, जंगलों का अंधाधुंध शोषण करने वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

सबको पता है कि अचानक पहाड़ों पर इतने बादल क्यों फटने लगे हैं और सबको यह भी पता है कि इतना भूस्खलन क्यों हो रहा है। लेकिन सबने आंखें मूंद रखी हैं। जिनकी जिम्मेदारी इसको ठीक करने की है वे अंधाधुंध निर्माण, जंगलों की कटाई, उत्खनन, बांध आदि को विकास बता कर अपनी पीठ ठोक रहे हैं। उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में पहाड़ पर बादल फटने और फ्लैश फ्लड यानी अचानक बाढ़ आने के कई कारणों में से एक कारण यह भी है कि मानसून का सीजन लगातार सिमटता जा रहा है। पहले चार महीने का मानसून सीजन होता था लेकिन अब यह महज दो महीने का रह गया है। एकाध अपवाद छोड़ दें तो मानसून दो महीने में समाप्त हो रहा है।



जितनी बारिश होनी है इन दो महीनों में होती है।

सरकार तो इस आंकड़े पर आंख मूंद कर यकीन करती है कि सामान्य बारिश हुई या सामान्य से थोड़ी कम या ज्यादा बारिश हुई। लेकिन सामान्य बारिश यानी सौ फीसदी बारिश अगर दो ही महीने में हो रही है तो उसका नुकसान तो होगा। इसका कारण जलवायु परिवर्तन है। बारिश और सर्दियों का सीजन चार महीने में खत्म हो जा रहा है और आठ महीने गर्मी पड़ रही है। अगर प्रकृति के चक्रको ठीक करने का प्रयास नहीं हुआ तो स्थिति और बिगड़ती जाएगी। पहली औद्योगिक क्रांति के बाद से पृथ्वी ढाई फीसदी ज्यादा गर्म हो चुकी है और अगले 25 साल में दो फीसदी और गर्म हो सकती है। इसका मतलब है कि धरती को पहले बुखार हुआ और अब बुखार बढ़ रहा है, जिससे उसकी सेहत खराब हो रही है। जैसे बुखार आदमी के शरीर को तोड़ता है वैसे ही सामान्य से चार फीसदी ज्यादा तापमान धरती के शरीर को तोड़ देगा और उसे ठीक करना इंसान के वश में नहीं रह जाएगा।

बहरहाल, अचानक बादल फटने का एक कारण मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र में लगातार आ रही कमी है। वैसे तो पहाड़ों पर भी जंगल काटे जा रहे हैं लेकिन मैदानी इलाकों में जंगल की कटाई इस रफ्तार से हो रही है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। समूचे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में जंगल साफ होते जा रहे हैं और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो रहे हैं। औद्योगिक निर्माण हो रहे हैं और हाउसिंग सोसायटीज बन रही हैं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली, हरियाणा से जाकर बड़ी संख्या में लोग घर, फ्लैट और जमीन खरीद रहे हैं। वे उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में साफ हुए जंगल की जगह अपने फार्म हाउसेज बना रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि आसमान में जब बादल बनते हैं तो उनके बरसने के लिए मानसून की हवाओं को मैदानी इलाकों में अनुकूल हालात नहीं मिलते हैं। मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र की कमी के कारण बादल पहाड़ों पर बरसते हैं या फटते हैं, जिससे अचानक बाढ़ आ जाती है। इसके अलावा भागीरथी नदी पर बना करीब 260 मीटर ऊंचा टिहरी बांध भी बादल फटने की घटनाएं बढ़ने का एक कारण है। पहले भागीरथी नदी का जलग्रहण क्षेत्र अपेक्षाकृत बहुत छोटा था। लेकिन बांध की वजह से इसका ऊपरी जल क्षेत्र 50 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा हो गया है, जहां बड़ी मात्रा में पानी इक्ठा होता है। इससे बादल बनने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मानसून सीजन में बहुत ज्यादा बादल बनते हैं और फटते हैं। पहले बादल फटने की घटनाएं इक्का दुक्का होती थीं। लेकिन अब नदियों के प्राकृतिक बहाव को बाधित करने से असंतुलन बना है, टिहरी बांध में भारी मात्रा में पानी इक्ठा होने से बादल ज्यादा बन रहे हैं और मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र नहीं होने से बादल पहाड़ों पर फट रहे हैं।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ की वजह से प्रकृति का चक्रबिगड़ा है और अब एक साथ कई बादल फटने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे अचानक बाढ़ आ जा रही है। इस पूरे मामले में एक बात पर और ध्यान देने की जरुरत है कि अब आ रही बाढ़ से नुकसान बढ़ता जा रहा है। इसका कारण यह है कि लोग पारंपरिक तरीकों को छोड़ कर नदियों के किनारे बसने लगे हैं। पहले पहाड़ों में गांव नदी से दूर बसाए जाते थे। लेकिन अब नदियों के किनारे घर बनाए जाने लगे हैं। पर्यटकों की मांग को देखते हुए नदियों के किनारे छोटे होटल, रिसॉर्ट या होमस्टे के लिए घर बनाए जा रहे हैं।

धराली में भी ऐसे ही होटल और होमस्टे बह गए हैं। दूसरा कारण यह है कि नियमों को ठेंगा दिखा कर इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण हो रहा है। धराली में जहां यह हादसा हुआ है वह भी ऐसे ही जोन में आता है। फिर वहां निर्माण कैसे हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। ऐसे तमाम इलाके मिल जाएंगे, जहां कानूनी तौर पर निर्माण पर रोक लगी हुई है लेकिन वहां निर्माण हुए हैं। इससे पहाड़ों में मानवीय गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि जंगल और पहाड़ उसे बरदाश्त नहीं कर पा रहे हैं। सरकारों के साथ साथ स्थानीय नागरिकों को भी पहल अपने हाथ में लेनी होगी। इसकी शुरुआत पेड़ों की कटाई और इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण रोकने से हो सकती है।

# कूटनीतिक संबंधों में तुलना

हरिशंकर व्यास

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान की जो तुलना शुरू हुई है वह आगे भी जारी है। कूटनीतिक संबंधों में तुलना हो रही है तो वैश्विक व्यापार के मामले में भी तुलना हो रही है। सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया में भी बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के उत्पादों पर अमेरिका में पहले 29 फीसदी टैक्स लगता था, जिसे घटा कर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 19 फीसदी कर दिया है। उसके साथ अमेरिका ने तेल उत्खनन का समझौता भी किया, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियां पाकिस्तान में तेल खोजेंगी और तेल निकालेंगी। इसे लेकर ट्रंप ने तंज भी किया कि एक दिन हो सकता है कि पाकिस्तान भी भारत को तेल बेचे। यह बड़ा मजाक है। अब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर तीन महीने में दूसरी बार अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वे जून में पांच दिन के लिए अमेरिका गए थे, जहां राष्ट्रपति ट्रंप ने उनके लिए व्हाइट हाउस में लंच का आयोजन किया। अगले हफ्ते वे फिर अमेरिका जा रहे हैं। एक तरफ पाकिस्तान पर अमेरिका ने टैरिफ कम कर दिया, दूसरी ओर उसे तमाम अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से कर्ज या अनुदान दिलाया और उसके सैन्य नेतृत्व का भी अमेरिका में स्वागत किया जा रहा है।

बांग्लादेश पर राष्ट्रपति ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था तब भारत में इस बात पर बड़ी खुशी जताई जा रही थी। तमाम आर्थिक जानकार दावा कर रहे थे कि इससे भारत के लिए बहुत बड़ा मौका बना है। बांग्लादेश परर 26 फीसदी टैरिफ लगा दिया गया है, जबकि भारत 10 फीसदी बेसलाइन टैरिफ के साथ अमेरिका से कारोबार कर रहा है तो इसका बड़ा लाभ भारत को मिलेगा। कहा जाने लगा कि भारत अब टेक्सटाइल का पूरा बाजार कब्जा कर लेगा। बांग्लादेश के उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जाएंगे तो भारत के उत्पादों की मांग बढ़ेगी। लेकिन दो महीने से भी कम समय में तस्वीर बदल गई।

बांग्लादेश पर तो 26 फीसदी टैरिफ लगा है लेकिन भारत पर टैरिफ बढ़ कर 50 फीसदी हो गया यानी बांग्लादेश से लगभग दोगुना। तो अब क्या होगा? अब तो अमेरिकी बाजार में भारत के टेक्सटाइल उत्पादों के लिए जो भी जगह थी वह बांग्लादेश को जा सकती है। हालांकि बांग्लादेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इसका लाभ उठाए लेकिन अगर वहां राजनीतिक स्थिरता होती तो वह भारत पर लगाए गए भारी भरकम टैरिफ का लाभ उठा सकता था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने जैसे पाकिस्तान पर लगने वाला टैरिफ 29 से घटा कर 19 फीसदी किया उसी तरह भारत के एक अन्य पड़ोसी श्रीलंका पर लगने वाला टैरिफ भी 24 फीसदी से घटा कर 20 फीसदी कर दिया। यह कमाल की बात है कि जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पहली बार दुनिया के देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा की तो श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। बाद में ट्रंप ने इसे घटा कर 30 फीसदी किया और अंत में 31 जुलाई की वार्ता के बाद अमेरिका ने श्रीलंका के निर्यात पर टैरिफ घटा कर 20 फीसदी कर दिया। हालांकि श्रीलंका से अमेरिका का निर्यात बहुत कम है। वह करीब तीन अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका को करता है। लेकिन माना जा रहा है कि टैरिफ की दर कम होने के बाद उसका निर्यात बढ़ेगा। दिलचस्प बात यह है कि श्रीलंका भी अमेरिका को सबसे ज्यादा टेक्सटाइल और रबड़ से बने उत्पादों का निर्यात करता है। इस तरह अमेरिका के टेक्सटाइल बाजार पर बांग्लादेश, श्रीलंका और कुछ हद तक वियतनाम की भी नजर होगी।

सोचें, भारत की क्या स्थिति हो गई? भारत के अलावा किसी दूसरे पड़ोसी देश ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ दोस्ती का डंका नहीं पीटा। लेकिन आज पाकिस्तान 19 फीसदी, श्रीलंका 20 फीसदी और बांग्लादेश 26 फीसदी टैरिफ वाला देश है और भारत 50 फीसदी टैरिफ वाला देश। यह भी कैसी विडम्बना है कि ये तीनों देश चीन के करीबी माने जाते हैं। इनके यहां चीन का बड़ा निवेश है और इन देशों को चीन ने बड़ा कर्ज भी दे रखा है।

### असहमति को दबाना अच्छा संकेत नहीं

असहमति को दबाना अच्छा संकेत नहीं है। इससे वे शक और गहरे होंगे, जिन्हें बताने के लिए विपक्षी सांसद निर्वाचन भवन तक जाना चाहते थे या जिसे जताने के लिए वे संसद में बहस की मांग कर रहे हैं। अगर 25 विपक्षी दलों के तकरीबन 300 सांसद अपनी शिकायतें बताने के लिए निर्वाचन आयोग के पास जाना चाहते थे, उन्हें बीच में रोकना किसी रूप में लोकतांत्रिक कदम नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि ये सभी निर्वाचित सांसद हैं, जो देश के एक बड़े जनमत का प्रतिनिधित्व करते हैं। संसद भवन से शुरू हुआ मार्च किसी ऐसे समूह का नहीं था, जिसके अनियंत्रित हो जाने और जिससे कानून–व्यवस्था की समस्या खड़ी होने का अंदेशा होता। लेकिन केंद्र और निर्वाचन आयोग ने जो नजरिया अपनाया, उससे लगता है कि वे विपक्ष को चुनाव प्रक्रिया में वैध स्टेकहोल्डर (हितधारक) नहीं मानते। वे उनकी बातों या शिकायतों को सुनने योग्य भी नहीं समझते! वरना, बिहार में मतदाता सूची के हुए विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में संसद में बहस की मांग केंद्र नहीं ठुकराता और निर्वाचन आयोग निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के रूप में व्यवहार करने के बजाय विपक्षी दलों के प्रति हिकारत भरा रुख नहीं अपनाता। इसी नजरिए का संकेत है कि सोमवार को एक तरफ निर्वाचन आयोग ने सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के मामले में तकनीकी रुख अपनाया, तो दूसरी तरफ प्रशासन ने बैरिकेडिंग करके और सांसदों को हिरासत में लेकर एक तरह के दमनकारी रुख का परिचय दिया। मुद्दा यह है कि देश की राजधानी में अगर निर्वाचित सांसदों को प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं है, तो फिर आम नागरिक अपने लिए क्या अपेक्षा रख सकते हैं? स्पष्टतः असहमति के स्वर को दबाना भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इससे वे शक और गहरे होंगे, जिन्हें बताने के लिए विपक्षी सांसद निर्वाचन भवन तक जाना चाहते थे या जिसे जताने के लिए वे संसद में इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं संवैधानिक संस्थाओं का यह दायित्व होता है कि वे ऐसे संदेहों के निवारण के लिए विश्वसनीय कदम तुरंत उठाएं। इसकी शुरुआत विपक्ष के साथ संवाद बना कर की जा सकती है, जिसका एक मौका सोमवार को निर्वाचन आयोग के पास था। लेकिन विपक्षी प्रदर्शन के प्रति सख्त और हिकारत भरा रुख अपना कर उसने यह मौका गंवा दिया है।

# थामा का टीजर जारी, आयुष्मान– रश्मिका में दिखा रोमांस



स्त्री 2 के मेकर्स अपनी अगली हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा से चर्चा में हैं. 15 अगस्त फिल्म की पहली झलक दिखी थी और बीती 18 अगस्त को फिल्म से इसकी स्टार कास्ट आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल का फर्स्ट लुक सामने आया था. फिल्म की स्टार कास्ट का फर्स्ट लुक जारी करने के साथ–साथ मेकर्स ने अपने दर्शकों को जानकारी दी थी कि वह फिल्म से सरप्राइज गिफ्ट देंगे और अपने वादे को पूरा करते हुए मेकर्स ने आज दर्शकों के लिए वो सरप्राइज शेयर कर दिया है. 1.49 मिनट के टीजर की शुरुआत रह पाओगी मेरे बिना सौ साल तक, 100 साल क्या एक पल भी नहीं रह पाऊंगी से होती और इसके बाद शुरू होता है, भूतिया खेल, में जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना एक भूतिया जंजाल में फंसे नजर आ रहे हैं. इसके बाद परेश रावल की छोटी सी एंट्री होती है और फिर भूतिया जगहों का दीदार कराया जाता है, फिर आयुष्मान और रश्मिका के बीच रोमांस देखा जाता है, जिसे वैंपायर बने एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी देखते हैं, और कहते हैं, रुक क्यों गए, लगे रहो, मैंने 75 साल से रोमांस नहीं देखा है. मडोक फिल्म्स अपनी पहली लव–स्टोरी हॉरर फिल्म थामा से इस दिवाली धमाका करने आ रही है.

### शिवकार्तिकेयन की फिल्म दिल मद्रासी पहला गाला सेलाविका रिलीज़

बेहद प्रतिभाशाली स्टार शिवकार्तिकेयन और ब्लॉकबस्टर फिल्म निर्माता एआर मुरुगादॉस पहली बार मधारसी में साथ आ रहे हैं, यह एक ऐसी फिल्म है जो न केवल रोमांच का वादा करती है, बल्कि बड़े पैमाने पर मनोरंजन को एक नया आयाम भी देती है। श्री लक्ष्मी मूवीज़ द्वारा इस फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। रुक्मिणी वसंत ने मुख्य भूमिका निभाई है, और अपने पहले के अभिनय के लिए प्रशंसा पाने के बाद एक बड़े व्यावसायिक क्षेत्र में कदम रख रही हैं। शिवकार्तिकेयन के जन्मदिन पर अनावरण की गई, मधारसी की शीर्षक झलक, जिसमें अभिनेता को एक दमदार, एक्शन से भरपूर अवतार में दिखाया गया था, को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत दिया है, और टीम ने पहला सिंगल, सेलविका रिलीज़ करके संगीत प्रचार शुरू कर दिया है। भारी–भरकम टीज़र के उलट, सेलविका अपने माहौल से चौंकाता है। यह एक प्रेम–विफलता गीत है, लेकिन दर्द के बीच भी नाचता है। उदासी की ओर बढ़ने के बजाय, अनिरुद्ध माहौल को बदल देते हैं।

# श्रेयस अय्यर हो सकते हैं वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम के अगले कप्तान

नईदिल्ली,एशिया कप 2025 के लिए चुनी गई भारतीय क्रिकेट टीम के दल में श्रेयस अय्यर का नाम नहीं है, जिसके बाद चयन समिति पर सवाल उठे। कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि श्रेयस के साथ अन्याय हुआ। अब चर्चा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें वनडे क्रिकेट टीम का अगला कप्तान बना सकती है, जबकि शुभमन गिल टी–20 टीम की कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस भारतीय टी–20 टीम में चुने जाने के करीब थे। हालांकि, 15 सदस्यीय टीम ले जाने के कारण उनका चयन नहीं हुआ। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई के अधिकारियों के बीच भारतीय टीम के तीनों प्रारूप के भविष्य को लेकर चर्चाएं हुईं थीं। इंग्लैंड दौरे से पहले गिल को कप्तान बनाने का निर्णय भी लंबे समय तक उनकी नेतृत्व क्षमता को देखकर किया गया था।

बीसीसीआई के सूत्र ने आगे कहा, देखिए चैंपियंस ट्रॉफी तक परिस्थिति के हिसाब से निर्णय लिया गया था। इस समय इतना क्रिकेट हो रहा है तो कोई भी खिलाड़ी तीनों प्रारूप में लगातार कप्तान के तौर पर नहीं खेल सकता है। ऐसे में गिल को टेस्ट की कप्तानी दी गई और टी–20 में उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है। रोहित अब 38 साल के हो गए हैं। ऐसे में जल्द श्रेयस को ये जिम्मेदारी मिलेगी।

रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली वनडे सीरीज रोहित और विराट कोहली की आखिरी अंतरराष्ट्रीय सीरीज हो सकती है। बीसीसीआई के सूत्र के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान कौन होगा, इसको लेकर एशिया कप के बाद बैठक होगी। बीसीसीआई के अधिकारी रोहित और कोहली से बात करके भविष्य की रणनीति बनाएंगे। सूर्यकुमार यादव 34 साल के हो गए हैं।

# कुली ने पार किया 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 5 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह एक्शन थ्रिलर फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। आलम यह है कि केवल 5 दिन में इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानें कुली ने पांचवें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।

बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कुली ने रिलीज के पांचवें दिन 12 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह 5 दिन में इस फिल्म ने 206.50 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं। इस फिल्म ने 65 करोड़



रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था। दूसरे दिन इस फिल्म ने 54.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं तीसरे दिन यह 39.5 करोड़ रुपये और चौथे दिन 35.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

### अजिंक्य रहाणे ने मुंबई क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ी

नईदिल्ली, अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने मुंबई क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने गुरुवार (21 अगस्त) को सोशल मीडिया पर ये ऐलान किया कि वह घरेलू सीजन में मुंबई की कप्तानी नहीं करेंगे और बतौर बल्लेबाज ही टीम में अपना योगदान देना जारी रखेंगे। रहाणे ने आगे स्पष्ट किया कि अब मुंबई की टीम को नया कप्तान बनाने की जरूरत है। रहाणे ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मेरा मानना है कि एक नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, और इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी न रखने का फैसला किया है। मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई के साथ अपना सफर जारी रखूंगा। मुझे इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।' रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023–24 का खिताब जीता था।

# अजीत अगरकर 2026 तक बने रहेंगे प्रमुख चयनकर्ता, बीसीसीआई ने बढ़ाया कार्यकाल

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख चयनकर्ता अजीत अगरकर के काम से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खुश है और ऐसी खबर है कि उनके कार्यकाल को बढ़ा दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगरकर अब जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। बता दें कि हाल ही में अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने एशिया कप 2025 के लिए टीम की घोषणा की थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, उनके (अगरकर) कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते थे और टेस्ट व टी–20 में बदलाव का दौर भी देखा। बोर्ड ने उनका अनुबंध जून 2026 तक बढ़ा दिया था



और वह कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर चुके हैं। बता दें कि अगरकर के कार्यकाल के दौरान ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी–20 से संन्यास लिया। अगरकर का पहला कार्यकाल जून 2023 में शुरू हुआ था और तब से भारतीय टीम ने 2024 का टी–20 विश्व कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। अगरकर के नेतृत्व में भारतीय टीम 2023 के वनडे विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। हालांकि, खिताबी मुकाबले में भारत को ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अगरकर के कार्यकाल के दौरान ही रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट से संन्यास लिया। अगरकर की अध्यक्षता वाली वर्तमान चयन समिति में शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और श्रीधरन शरथ शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाए : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि आपदा प्रभावित गांवों में प्राथमिकता पर मनरेगा से भूमि सुधार के कार्य कराए जाएं। कहा कि हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाए। कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जिन लाभार्थियों का आवास पूर्ण हो चुका है, उन्हें जल्द अंतिम किश्त जारी करें।

विकास भवन पौड़ी में ग्राम्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने अफसरों को लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को नई तकनीकों और उन्नत बीजों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को गांवों में लगातार भ्रमण कर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने को कहा। मनरेगा और कुछ अन्य योजनाओं में विभागों की कम प्रगति पर डीएम ने बीडीओ को 15 दिन में योजनाएं पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि आपदा प्रभावित गांवों में प्राथमिकता पर मनरेगा से भूमि सुधार के कार्य कराए जाएं। सीडीओ गिरीश गुणवंत ने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर योजनाओं को धरातल पर उतारें। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, डीडीओ मनविंदर कौर आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों की चॉक डाउन हड़ताल जारी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पदोन्नति और वार्षिक तबादलों जैसी विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ की चॉक डाउन हड़ताल गुरुवार को भी जारी रही। पौड़ी जिले के करीब डेढ़ हजार शिक्षक इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। अकेले पौड़ी जिले में शिक्षकों की हड़ताल का असर लगभग तीन सौ स्कूल पर पड़ रहा है। संघ पिछले लंबे समय से विभिन्न मांगों पर कदम उठाने की मांग उठा रहा है। बीते सोमवार से शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर चॉक डाउन हड़ताल शुरू की। संघ के जिला मंत्री बृजेंद्र बिष्ट ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन को लेकर शिक्षकों ने गुरुवार को भी चॉक डाउन हड़ताल रखी। बताया कि इसके बाद ब्लाक मुख्यालयों पर शिक्षकों का धरना होगा। इसको लेकर भी संघ तैयारी कर रहा है। ब्लाक मुख्यालयों के बाद जिले से लेकर प्रदेश तक शिक्षक अपना चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

### आपदा प्रभावितों को वितरित की राशन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित ग्रामीणों को राशन किट वितरित की। पार्टी के सदस्यों ने सैंजी, चपलोड़ी, उदालखा और ग्वालखुडा गांव में जाकर पीड़ितों को राशन, दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री और अन्य राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी की उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना ने आपदा प्रभावितों की समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर गणेश भट्ट, अजय नेगी, शिवानी, अनुसूया प्रसाद उनियाल, सुदर्शन सिंह रावत, राकेश, बसंती देवी, विजेंद्र राणा, संजय डोभाल, विनोद कोठियाल आदि मौजूद रहे।

### थलीसैंण, बीरोंखाल ब्लाक में विद्युत आपूर्ति ठप

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पोखड़ा, घनियाखाल के बीच 33 केवी लाइन में गुरुवार सुबह नौ बजे से फाल्ट आने से बीरोंखाल, थलीसैंण विकासखंडों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई हैं। जिससे इन क्षेत्रों के उपभेगताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा बीरोंखाल मंडल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट, सोशल मीडिया प्रभारी यशवंत सिह बिष्ट ने बताया कि स्यूसीं पावंर हाउस को सतपुली डिविजन से 33 केवी विद्युत लाइन से जोड़ा गया हैं, लेकिन गुरुवार सुबह पोखड़ा, घनियाखाल के बीच अचानक फाल्ट आने से बीरोंखाल, थलीसैंण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि आठ घंटे से जादा समय बीत जाने के बावजूद ऊर्जा निगम विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं कर पाया, जिससे ब्लाक, तहसील एंव व्यावसायिक वर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई है। उधर स्यूंसी उपखंड अधिकारी नवीन मैंदोलिया ने बताया कि पोखड़ा, घनियाखाल के बीच 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया है। कर्मचारी फाल्ट को ढूंढने में लगे हैं।

### साहिल के हत्या की न्यायिक जांच की मांग

नई टिहरी : टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर भिलंगना ब्लॉक के तिसरियाड़ा के युवक साहिल सिंह बिष्ट की हत्या की न्यायिक जांच की मांग की। कहा कि साहिल बिष्ट की हरियाणा के अंबाला के एक होटल में होकर करता था। लेकिन कुछ लोगों के द्वारा साहिल की हत्या कर दी गई। सांसद ने हरियाणा के सीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि तिसरियाड़ा निवासी युवक अंबालाा के एक होटल में नौकरी कर परिजनों का लालन-पालन करता था। लेकिन जब यह अपनी ड्यूटी पर पहुंच रहा था,तो तभी कुछ गुंडों ने इनके साथ छिना झपटी कर चाकू से बुरी तरह घायल कर दिया।

# रेत का लालच, खतरे में डाल रहे जिंदगी

## खोह नदी के उफान पर आने के बावजूद रेत एकत्रित कर रहे श्रमिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पल-पल बदलते मौसम से क्षेत्र की नदियां उफान पर बह रही हैं। बावजूद कुछ श्रमिक अपनी जान की परवाह किए बिना नदी से रेत एकत्रित करने के कार्य में जुटे हुए हैं। ऐसे में उनकी यह लापरवाही कब जीवन पर भारी पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता।



कोटद्वार के खोह नदी में रेत एकत्रित करने के कार्य में जुटे श्रमिक

कोटद्वार व आसपास के पर्वतीय इलाकों में पिछले एक सप्ताह से लगातार वर्षा हो रही है। ऐसे में क्षेत्र के नदी नाले उफान पर बह रहे हैं। नदी के वेग की परवाह किए बिना कुछ श्रमिक अपनी जान दांव पर लगा रहे हैं। खोह नदी के गिवईस्रोत, काशीरामपुर तल्ला, गाड़ीघाट क्षेत्र में नदी किनारे रेत एकत्रित करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि इस जमावड़े में बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। ऐसे में रेत का यह लालच श्रमिकों के जीवन पर भारी पड़ सकता है। दरअसल, कई बार कोटद्वार में वर्षा नहीं होती। जबकि, पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा से खोह नदी उफान पर बहने लगती है।

### रात को ट्रैक्टर से होती है सप्लाई

सुबह के समय श्रमिक नदी किनारे रेत एकत्रित करते हैं। जबकि, रात के समय इस रेत को ट्रैक्टर-ट्राली में भरकर स्टोर तक पहुंचाया जाता है। अवैध तरीके से चल रहे इस काम की स्थानीय पुलिस व प्रशासन को जानकारी तक नहीं है। जबकि, वर्तमान में नदी के आसपास लोगों को जाने से रोकने के लिए लगातार पुलिस अलाउसमेंट भी करती रहती है। स्थिति देखकर लगता है कि सरकारी सिस्टम भी किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

# बारिश बन रही चुनौती, बंद हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात के मौसम में कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौतियां कम नहीं हो रही। बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन खतरनाक हो गया है। गुरुवार तड़के हुए बारिश से जगह-जगह मलबा आ गया। जिसके कारण पांचवे मील के समीप करीब आधे घंटे के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद रहा। वहीं, मिट्टी के कारण दोपहिया वाहनों के भी रपटने का खतरा बना हुआ है।



बारिश के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहता पानी व मलबा

कोटद्वार-दुगड्डा के बीच 15 किलोमीटर के सफर में बीस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। हल्की वर्षा होने पर पहाड़ी से पत्थर व बोल्डर गिर रहे हैं। कीचड़ के कारण मार्ग से दोपहिया वाहनों का आवागमन मुश्किल होता जा रहा है। पूरे सफर के दौरान वाहनों के रपटने का खतरा बना हुआ है। वर्षा होने से कोटद्वार से करीब आठ किलोमीटर आगे बरसाती रपटे पर जलस्तर बढ़ने के साथ ही मलबा व बोल्डर आने से मार्ग बाधित हो गया। गुरुवार तड़के पूरे हाईवे पर लगातार पानी व मलबा बह रहा है। पूरे सफर के दौरान वाहन चालकों की सांसें अटकी हुई थी।

# शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन प्रभावित, अभिभावकों ने दी तालाबंदी की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** कल्जीखाल ब्लाक के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बिलखेत में शिक्षकों की कमी से पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। एसएमसी अध्यक्ष कुलदीप गुसांई ने बताया कि स्कूल में 150 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। लेकिन शिक्षा विभाग के आला अफसरों को उनके भविष्य की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था में सकारात्मक सुधार के लिए 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर विद्यालय में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। अटल उत्कृष्ट जीआईसी बिलखेत के पीटीए अध्यक्ष ममतेश कुमार व एसएमसी अध्यक्ष कुलदीप गुसांई के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल में बीते चार साल से प्रधानाचार्य का पद रिक्त चल रहा है। बीते अक्तूबर माह में शिक्षकों के बीच विवाद सामने आने पर शिक्षा विभाग ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए दिसंबर 2024 में स्कूल से अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व हिंदी के प्रवक्ता का अन्य विद्यालयों में संबद्धीकरण कर लिया था। जबकि अभिभावकों ने उक्त प्रवक्ताओं का स्थायी स्थानांतरण कर स्कूल में नए शिक्षकों की तैनाती की मांग की थी, लेकिन आज तक एक भी प्रवक्ता की नियुक्ति नहीं की गई है। कहा कि वर्तमान में प्रवक्ता संस्कृत व भौतिक विज्ञान मातृत्व अवकाश पर चली गई हैं। जिससे बोर्ड परीक्षार्थियों को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने जल्द स्कूल में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति, प्रधानाचार्य की तैनाती जल्द नहीं होने पर तालाबंदी के साथ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, प्रभारी मुख्यशिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि स्कूल में तीन शिक्षकों के संबद्ध व दो अध्यापिकों के मातृत्व अवकाश पर होने के चलते पद रिक्त नहीं हैं।

## समिति ने उठाई कोटद्वार में सिटी बस संचालन की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार शहर में परिवहन निगम की सिटी बस संचालित करने की मांग की है। कहा कि इससे आम जन को ऑटो रिक्शा के महंगे किराए से छुटकारा मिलेगा।

इस संबध में गुरुवार को समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार शहर में लगातार बढ़ रही जनसंख्या को देखते हुए यहां सिटी बस का संचालन किया जाना चाहिए। समिति लगातार परिवहन निगम की सिटी बस संचालन की मांग उठा रही है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कहा कि पूर्व में सन् 2011-12 में भुवन चंद्र खंडूड़ी सरकार की ओर से शहर में सिटी बस संचालन के लिए परिवहन निगम को आदेश दे दिए थे, लेकिन तभी सरकार बदल गई और इस आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस संबध में निगम को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पूरण सिंह रावत, विपुल उनियाल, दुर्गा प्रसाद दूबे और शशि मोहन उनियाल आदि शामिल थे।

# राजीव थपलियाल बने संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय शिक्षिक संघ विकासखंड द्वारीखाल संघ शाखा की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें राजीव थपलियाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

बुधवार को विकासखंड द्वारीखाल की राजकीय शिक्षक संघ शाखा की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात राइंका द्वारीखाल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। अपने उदबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति के तहत नवाचारी शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं विज्ञान, क्रीड़ा, इंस्पायर अवार्ड में विकासखंड के छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने पर शिक्षकों की सराहना की। गोष्ठी के दौरान शिक्षकों ने आज के समय में सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम में पाठ्यक्रम लागू करने व विद्यालयों के आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करके इस समस्या से निजात मिल सकती है। द्वितीय सत्र में ब्लाक कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पर राजीव थपलियाल ने विजय प्राप्त की। राजीव थपलियाल को 99 जबकि दूसरे उम्मीदवार दीपक नेगी को 53 मत मिले। मंत्री पद राजीव कंडवाल विजयी रहे। राजीव कंडवाल को 85 जबकि दूसरे उम्मीदवार हरेन्द्र राणा को 67 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विवेक, महिला उपाध्यक्ष पर चंद्रकला शर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर प्रत्युयंकार टॉक, महिला संयुक्त मंत्री पद पर गीता शर्मा व आय-व्यय निरीक्षक प्रदीप नेगी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी शिक्षक किशोर डोबरियाल व रमाकांत डबराल की देख रेख में चुनाव संपन्न हुए। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के जिला संरक्षक जयदीप नेगी, जिला मंत्री विजेंद्र बिष्ट, अब्बल रावत, संजय रावत, मनोज काला, विजेंद्र तोमर, योगेश घिलिडियाल, राजेश भट्ट, भवान सिंह नेगी, विनय रावत, अनिल नेगी, गजेंद्र रावत, पूरण नेगी, शिवानी घनसेला और पूजा रावत सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।



आयोजित गोष्ठी के दौरान पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते पदाधिकारी

# नाथूपुर क्षेत्र में आ रहा दूषित पानी , जल संस्थान से जल्द समस्या के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नाथूपुर क्षेत्र में पिछले दो दिन से दूषित पानी आ रहा है। नतीजा, लोग पानी के लिए अन्य वार्डों के चक्कर काट रहे है। लोगों ने जल संस्थान से जल्द समस्या के निराकरण की मांग की है।

नाथूपुर के सैकड़ों परिवारों को नाथूपुर स्थित नलकूप से पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले दो दिन से घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। नाथूपुर निवासी संगीता देवी ने बताया कि पानी में मिट्टी आ रही है।



कोटद्वार के नाथूपुर में घर में आ रहा दूषित पानी

पानी इतना दूषित है कि इसका उपयोग पीने के लिए नहीं कर सकते। ऐसे में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी क्षेत्र में अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। कई बार पानी में कीड़े भी आ रहे है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। कहा कि अधिकारियों को समस्या गंभीरता से लेते हुए इसका निराकरण करना चाहिए।

## रेल का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डू समथिंग सोसाइटी ने आनंद विहार से कोटद्वार के लिए संचालित होने वाली रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है।

कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा। इस संबध में गुरुवार को सोसाइटी संरक्षक प्रकाश कोठारी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबध में पूर्व में भी सोसाइटी की ओर से गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के माध्यम से केंद्रीय रेलमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि कण्वाश्रम को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत यह प्रयास लाभकारी साबित हो सकता है।

# राशन कार्ड सत्यापन अभियान जोरों पर, पात्रों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

## अब तक 15,495 राशन कार्डों का किया गया सत्यापन

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत जारी राशन कार्डों का सत्यापन कार्य बड़ी तेजी और पारदर्शिता के साथ चल रहा है। जिले के पूर्ति विभाग द्वारा 8 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य 15,495 राशन कार्डों का सत्यापन किया गया, जिसमें से 119 अपात्र कार्डों को निरस्त किया गया। अब तक कुल 1,840 कार्डों को अपात्र घोषित कर हटाया जा चुका है। गुरूवार को इस सम्बद्ध में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डोर-टू-डोर सत्यापन प्रक्रिया को और अधिक तीव्रता से चलाया जाए, ताकि जनपद में पात्र लाभार्थियों की पहचान तेजी से की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पूरे सत्यापन ड्राइव की सख्त मॉनिटरिंग करने के साथ-साथ खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन करने के निर्देश दिये गए है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पात्र लोगों को ही राशन कार्ड आवंटित किए जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अपात्रों को लाभ पहुंचाने की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी के.एस. कोहली ने बताया कि जो परिवार अब इन योजनाओं की पात्रता की सीमा में नहीं आते, वे स्वेच्छा से अपने राशन कार्ड समर्पित करें। ऐसा न करने पर अपात्र पाए जाने पर उनके विरुद्ध राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही वितरित खाद्यान्न की वसूली भी बाजार दर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्यापन का कार्य गांवों और शहरी क्षेत्रों में गठित विशेष टीमों द्वारा किया जा रहा है, जो घर-घर जाकर प्रत्येक राशन कार्ड धारकों की जानकारी जुटा रही हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उन परिवारों को पात्र माना जाता है, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम है, जबकि राज्य खाद्य योजना के तहत 5 लाख रुपये वार्षिक आय की सीमा तय की गई है। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनहित में चलाया जा रहा है, ताकि सरकार की खाद्य सुरक्षा योजनाओं का वास्तविक लाभ सही लोगों तक पहुंचे और अपात्रों की पहचान कर योजनाओं में पारदर्शिता लाई जा सके।

# 15 दिन से पेयजल आपूर्ति ठप, लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम सभा पैंडुला, अडेली, ककड़पानी में पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप होने पर ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से पेयजल सम्बंधित समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पैंडुला के पूर्व ग्राम प्रधान सुनय कुकसाल, रजनी देवी, राजीव, शाकम्बरी देवी, उदय सिंह, रमेश ने कहा कि हडिम की धार पेयजल पंपिंग योजना से बीते 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप है, जबकि खचरा-चौकी पेयजल योजना से बीते एक माह से पानी नहीं आ रहा है। दोनों ही योजनाओं से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को परेशानियां हो रही हैं। बताया कि पेयजल योजनाओं से पानी न आने के कारण ग्रामीण नौला-धारों का सहारा लेकर काम चला रहे हैं। कहा कि मामले को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत की गई है, बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। बताया कि गुरूवार को हडिम की धार पपिंग पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति तो हुई है, लेकिन मटमैला पानी आ रहा है। जो कि पीने लायक नहीं है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजल योजना को सुचारू किए जाने की मांग की है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता नरेश पाल ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। बताया कि हडिम की धार से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है, जबकि खरसा चौकि पेयजल योजना बीच में बरसाती नाला बढ़ने से जाम हो गया था, जिससे पेयजल योजना सुचारू नहीं हो पाई थी, लेकिन विभाग ने उसे सुचारू कर दिया था।

# 16 लाख की स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने बीती देर शाम नशे के दो बड़े तस्करों को 16 लाख रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सहारनपुर से स्मैक लाकर पहाड़ों में बेचने का काम कर रहे थे। स्मैक परिवहन करने लिए प्रयुक्त किये जाने वाले दुपहिया वाहन को भी पुलिस ने सीज किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की गई है। नरेंद्रनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि जनपद टिहरी गढ़वाल में एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में सीएम पुष्कर सीएम धामी के उत्तराखंड की भूमि को ड्रग मुक्त करने के अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसके तहत बीती देर शाम को नरेंद्रनगर थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने दो बड़े नशा तस्करों को धर दबोचा। नरेंद्रनगर थाने व सीआयू की संयुक्त टीम ने नियमित चेकिंग के दौरान आरोपी 23 वर्षीय जुबैर पुत्र मुकरीम निवासी ग्राम ताताहेड़ी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर (यूपी) और सहारनपुर जनपद निवासी 24 वर्षीय सलमान पुत्र शमशाद अवैध रूप से तस्कर किये जा रहे 55.40 ग्राम स्मैक के साथ नरेन्द्रनगर क्षेत्र में गुजराड़ा डागर तिराहा के पास से रात्रि में गिरफ्तार किया है। तस्कर की जा रही स्मैक की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 16 लाख रुपये आंकी गइ है। आरोपी जिस दुपहिया वाहन से स्मैक तस्कर कर रहे थे। उसे भी पुलिस ने सीज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले सीएम धामी, चाय की चुस्कियों संग जनता से किया संवाद

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह-सुबह भराड़ीसैंण में न सिर्फ चाय की चुस्कियों का आनंद लेते दिखे, बल्कि चाय बनाते भी नजर आए। सीएम धामी विधानसभा सत्र के लिए यहां पहुंचे थे। सत्र कल बुधवार को खत्म हो गया है। बृहस्पतिवार को सीएम धामी मॉर्निंग वॉक पर निकले। और चंद्र सिंह नेगी के प्रतिष्ठान पर चाय बनाने के साथ ही चुस्कियों का आनन्द लिया। इस दौरान उपस्थित स्थानीय लोगों की कुशलक्षेम जानी और उनसे बात कर सरकार द्वारा संचालित विकासपरक और जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया। सीएम ने कहा कल विधानसभा सत्र के समापन के बाद भराड़ीसैंण में रुक कर कुछ समय और स्थानीय जनजीवन से जुड़ने का अवसर मेरे लिए विशेष है। गैरसैंण केवल हमारी ग्रीष्मकालीन राजधानी ही नहीं, बल्कि एक सुंदर, संभावनाओं से भरपूर पर्यटन स्थल भी है। यहां की मनमोहक वादियों, शुद्ध पर्वतीय हवा और शांत वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा का अनुभव होता है। सीएम धामी ने कहा कि यहां की खूबसूरत वादियां, स्वच्छ पर्वतीय हवा और शांत वातावरण ऊर्जा और सुकून का अहसास कराते हैं। देश की सबसे अधिक 5410 फीट ऊंचाई पर बसी विधानसभा पहाड़ के सपनों की ग्रीष्मकालीन राजधानी है। वर्ष 2014 में पहली बार गैरसैंण में टेंट में विधानसभा सत्र हुआ था और भराड़ीसैंण में विधानसभा भवन का शिलान्यास पशुपालन विभाग की 47 एकड़ भूमि पर किया गया। (एजेंसी)




## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

संख्या-215/ न0प0स0 /2025-26/ रा0वि / | दिनांक- 20 अगस्त 2025

### निविदा सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली के द्वारा अपने पंजीकृत ठेकेदारो से नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड न0-02 में सार्वजनिक शौचालय का नव निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 6-09-2025 को समय 1.00 बजे तक निविदा आंमत्रित की जाती है जो कि दिनांक 6-9-2025 को ही समय 4.00 बजे अपह्रान को निविदादाताओं एवं अधोहस्ताक्षरी / गठित चयन समिति के सम्मुख खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र दिनांक 4-09-2025 को निविदा मुल्य चुकाकर प्राप्त की जा सकती है। कार्य की निविदा के साथ कार्य की लागत का 3% प्रतिशत धनराशि बतौर धरोहर के रूप में सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/ एन0एस0सी0 / जो कि अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक हो लगानी अनिवार्य होगी। बिना धरोहर धनराशि वाली निविदा पर किसी भी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा या समस्त निविदा को बिना किसी कारण बताये निरस्त / स्थागित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/गठित चयन समिति को सुरक्षित रहेगा। अन्य शर्त व सूचना को किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | वैधता | निविदा मुल्य +18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | कार्य को पूर्ण करने का समय | पंजीयन श्रेणी | कार्य की स्वीकृत लागत ला0 रू0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-02 में सार्वजनिक शौचालय का नव निर्माण कार्य | 60600.00 | 45 | 4020.00 +18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 6 माह | ए0 | 20.18 लाख |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**
(1182/65)

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय विद्यालय आईआईपी में सायंकालीन कक्षाएं शुरू की जाएं

देहरादून।पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईआईपी मोहकमपुर को दो पालियों में संचालित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। दो पालियों में स्कूल संचालित होने से यहां सांयकालीन कक्षाएं शुरू हो पाएंगी। इससे ज्यादा छात्रों को स्कूल में पढ़ने का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून के मोहकमपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय आईआईपी के बारे में बात की। बताया कि स्कूल में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में छात्र स्कूल में प्रवेश लेना चाहते हैं। ऐसे में स्कूल को दो पालियों में संचालित किया जाता है तो विद्यालय के संसाधन क्षमताओं का बेहतर उपयोग हो सकेगा। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया है। दो पालियों में कक्षा संचालित करने से बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों को फायदा मिलेगा।

### कोठारी गोल्डन पीन अवार्ड से सम्मानित

देहरादून।भारत स्काउट गाइड उत्तराखंड के आजीवन सदस्य हरीश कोठारी को दिल्ली में गोल्डन पीन अवार्ड सम्मानित किया गया। भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एशिया पेसिफिक रीजन वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। इस कांफ्रेंस में एशिया पेसिफिक रीजन के 22 देशों के पदाधिकारी शामिल हुए। हरीश कोठरी ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से नशा मुक्ति, पौधरोपण, पर्यावरण, जल, जंगल, जमीन से जुड़े सामाजिक कार्यों के लिए इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

### 131 बार रक्तदान करने वाले अग्रवाल का सम्मान

देहरादून। 131 बार रक्तदान करने वाले देहरादून के योगेश अग्रवाल को दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में महारक्तवीर सम्मान से नवाजा गया। इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की ओर से देशभर के रक्तदानियों और महारक्तदानियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया था। मुख्य अतिथि लेह लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कैलाश मेघवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने रक्तदाताओं को नवाजा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अध्यक्षता की। इसमें सौ से ज्यादा महारक्तवीरों को सम्मानित किया गया।

### 13 सितंबर को देहरादून के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत

देहरादून। 13 सितंबर को देहरादून के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत होगी।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली ने इस संबंध में आदेश किए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सीमा डुंगराकोटी ने बताया कि 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक जनपद देहरादून के समस्त न्यायालयों एवं बाह्य न्यायालयों ऋषिकेश, विकासनगर, डोईवाला, मसूरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बंधित वाद, सिविल वाद, धन वसूली वाद, चेक बाउंस मामले, वैवाहिक संबंधों पर आधारित मामले तथा अन्य कई प्रकृति के वादों का निस्तारण आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा। वे सभी लोग जिनके बाद जिला देहरादून के किसी भी न्यायालय में लंबित है, वे 12 सितम्बर तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अपने वादों को नियत करवा सकते हैं।

### आयोग ने व्यवस्थाधिकारी के पदों पर परीक्षा परिणाम जारी किया

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से राज्य संपति विभाग के अंतर्गत व्यवस्थाधिकारी के पदों पर अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग की ओर से साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर योग्यता एवं श्रेष्ठता क्रम में पांच चयनित अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किया गया है। व्यवस्थाधिकारी (राज्य संपति विभाग) परीक्षा 2023 के अंतर्गत व्यवस्थाधिकारी के सात पदों के सापेक्ष पांच अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। आयोग की ओर से व्यवस्थाधिकारी के पदों पर अभय चमोली, चंद्रशेखर लिंगवाल, आजाद सिंह, राकेश सिंह कंडारी और त्रिलोकचंद प्रसाद नौटियाल को श्रेष्ठताक्रम में चयनित करते हुए परीक्षा परिणाम जारी किया गया है।

# आपदा में मृत्यु होने के 72 घंटे में आर्थिक सहायता देने के मुख्यमंत्री धामी के स्पष्ट निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपदों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आपदा के दौरान किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात अनुग्रह राशि का वितरण 72 घंटे में प्रभावित परिवार/मृतक आश्रित को अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि मृतक की शिनाख्त या अन्य किसी कारण से कुछ विलंब हो रहा हो तो एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से अनुग्रह राशि मृतक के आश्रित को हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। गुरुवार को माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुग्रह राशि वितरण के संबंध में दिए गए निर्देशों से अवगत कराया।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सुमन ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने आगामी कुछ दिनों में मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए सावधानी बरतने तथा नदी, नालों के जल स्तर पर नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के माध्यम से मानसून के उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून अवधि में अब तक हुई विभागीय क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए ताकि एसडीआरएफ तथा एसडीएमएफ मद में भारत सरकार से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव यथाशीघ्र भेजा जा सके।

श्री विनोद कुमार सुमन ने एसडीआरएफ, नॉन एसडीआरएफ, एसडीएमएफ में खर्च की गई धनराशि के बारे में भी जनपदों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनपदों के पास आपदा राहत/बचाव तथा पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि




उपलब्ध है, इसे हर हाल में समय पर खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी प्रदेश भर में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, तथा जनपदों को लगातार माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मानसून अवधि की चुनौतियों का सामना करने के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बैठक में ऑनलाइन जुड़े राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग के माननीय उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला ने कहा कि अभी भी मानसून अवधि का डेढ़ महीना शेष है, ऐसे में सभी जनपदों को हर समय अलर्ट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा नदियों के साथ ही अन्य संवेदनशील स्थानों में आम जनमानस की जागरूकता तथा उन्हें अलर्ट करने के लिए साइरेन अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदाओं का सामना करने के लिए प्रत्येक स्तर पर अलर्टनेस बहुत जरूरी है तभी हम जान माल के नुकसान को कम कर सकते हैं।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से सभी जनपदों में हर रोज समीक्षा बैठक की जाए। साथ ही स्कूली तथा कॉलेज के छात्र–छात्राओं, के साथ ही व्यापारियों का भी वाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। इस अवसर पर एसीईओ प्रशासन/अपर सचिव आनंद स्वरूप, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, डॉ. पूजा राणा, रोहित कुमार, हेमंत बिष्ट, डॉ. वेदिका पन्त, श्रीमती तंद्रीला सरकार आदि मौजूद थे।

प्रत्येक तहसील में होगा रेस्क्यू व्हीकलः सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने जनपदों में गठित क्विक रिस्पांस टीमों को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अपेक्षानुसार जनपद स्तर पर प्रत्येक माह की 01, 11 और 21 तारीख को अनिवार्य रूप से बैठक कर इसका कार्यवृत्त यूएसडीएमए के साथ साझा किया जाए। साथ ही उन्होंने हर तहसील के लिए एक रेस्क्यू व्हीकल जल्द करने के निर्देश दिए, जिसका उपयोग आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के लिए किया जाएगा।

जल्द आएगी भारत सरकार की टीम, तैयारी के निर्देश : सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि जल्द ही भारत सरकार की सात सदस्यीय टीम प्रदेश में अतिवृष्टि तथा आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आने वाली है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को पूर्व से ही सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भारत सरकार के सामने आपदा से हुई क्षति की वास्तविक स्थिति रखी जा सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के अधिकारियों का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी के आधार पर भारत सरकार से क्षतिपूर्ति हेतु धनराशि प्राप्त होगी।


टिहरी बांध से जल छोड़ने पर अलर्ट रहें अधिकारी : सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इन दिनों टिहरी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने टिहरी के जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पानी छोड़े जाने की सूचना देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को समय पर दी जाए। साथ ही उन्होंने देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को निर्देश दिए कि लगातार गंगा नदी के जलस्तर की निगरानी की जाए और आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं।

प्रत्येक व्यक्ति तक अलर्ट पहुंचाना यूएसडीएमए का लक्ष्य : सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने मानसून अवधि में अब तक हुई क्षति को लेकर भी जनपदों से जानकारी ली। उन्होंने जनहानि, पशु हानि, भवनों को हुई क्षति के बारे में पूछा तथा आपदा प्रभावितों को वितरित की गई धनराशि की जानकारी ली।

# बैंक ऋण बीमा धोखाधड़ी करने वाले बैंको को पर जिला प्रशासन का प्रहार जारी

देहरादून। ऋण के बीमा होने के उपरान्त भी आश्रितों की फजीहत कराने वाले बैंको पर जिलाधिकारी सविन बंसल कड़ा रूख अपनाए हुए हैं। कैनफिन होम लि0 की सम्पति कुर्क 23 अगस्त को सम्पति नीलाम की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विधवा महिला को प्रताड़ित रकने पर केनफिन होम लि0 बैंक के प्रबन्धक की 22 लाख की आरसी काट दी है अब बैंक की सम्पति को कुर्क कर दिया गया है। अब जिलाधिकारी के रडार पर जिला प्रशासन निरंतर अपने कड़े फैसलों से जहां जनमानस को उनका अधिकार दिला रहा है वहीं जनमानस को अनावश्यक परेशान करने वालों पर भी नकेल कस रहा है, जिससे ऐसा कृत्य करने वालों में प्रशासन का खौफ भी बढा है। बावजूद इसके नये प्रकरण भी सामने आ रहे हैं।चुक्खुवाला निवासी दो बेटो की व्यथित विधवा मा माला देवी ने डीएम ने




फरियाद लगाई की उनके पति स्व उदय शंकर द्वारा कैनफिन लि0 से रू0 20 लाख का ऋण मकान क्रय करने के लिए लिया गया था जिसका बीमा भी कराय गया है रू0 12.22 लाख किस्त भी जमा कराई गई हैं किन्तु पति की मृत्यु 20 जनवरी 2025 को हो गई थी, पति की मृत्यु के उपरान्त इर्श्योरेश कम्पनी व बैंक के पास मकान के दस्तावेज हैं कम्पनी द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है उनको परेशान किया जा रहा है उनके 2 नौनिहालों की पढाई भी बाधित हो रही है बैंक और इंश्योरेंश कम्पनी परेशान कर रही हैं जिस पर जिलाधिकारी ने केनफिन होम लि0 जीएमएस रोड के प्रबन्धक की रू0 22 लाख की आरसी काट दी थी अब जिल प्रशासन द्वारा बैंक की सम्पति कुर्क करते हुए 23 अगस्त को नीलामी निकाल दी है।

### शिक्षा विभाग का राजकीय शिक्षक संघ को नोटिस

देहरादून।शिक्षकों की चॉकडाउन हड़ताल के बीच शिक्षा विभाग ने राजकीय शिक्षक संघ को नोटिस जारी किया है। नोटिस शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी का कार्यकाल खत्म होने पर दिया गया है। नोटिस में मंडल और जिला इकाइयों को कार्यबहिष्कार और चॉकडाउन हड़ताल के लिए संघ की ओर से पत्र भेजने को भी अनुचित ठहराया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ.मुकुल कुमार सती ने राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान और महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली को नोटिस भेजा है। पत्र में कहा गया है कि प्रांतीय कार्यकारिणी अभी प्रभावी नहीं है, क्योंकि कार्यकारिणी का कार्यकाल जुलाई माह में खत्म हो चुका है। साथ ही गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी और उधमसिंहनगर, चमोली, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून की जिला कार्यकारिणी का भी कार्यकाल समाप्त हो चुका है। प्रांतीय कार्यकारिणी के प्रभावी नहीं होने के बावजूद भी शिक्षक संघ की ओर से हड़ताल के लिए पत्र जारी करना अनुचित है। शिक्षा निदेश–क ने कहा कि पहले ही पंचायत चुनाव और आपदा, बारिश की वजह से शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ है।

# नौगांव टैक्सी यूनियन के अनिल बने अध्यक्ष

उत्तरकाशी।यमुना वैली नौगांव व बड़कोट टैक्सी यूनियन की ओर से गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूनियन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें सर्व सहमति से अनिल रावत को अध्यक्ष चुना गया। जबकि मोहन सिंह रावत को उपाध्यक्ष,कुलदीप राणा को सचिव, ऋषिमोहन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि रमेश चंद्र को संरक्षक चुना गया।

वहीं प्रवीन कुमार,गब्बर सिंह,प्यारे लाल, संदीप कुमार, जसपाल राणा, हरिमोहन बिजल्वाण को सदस्य तथा चतर सिंह रावत को यूनियन प्रभारी बनाया की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिरियों को संरक्षक रमेश वंद्र ने अपने पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।

### राकेश टिकैत ने लिया संज्ञान

हरिद्वार। किसानों पर हुए लाठीचार्ज के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भी संज्ञान लिया। गुरुवार दोपहर को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और लिखा कि देहरादून अपनी मांगों को लेकर कूच कर रहे किसानों पर हरिद्वार के बहादराबाद टोल प्लाजा पर पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है किसानों पर पड़ी हर एक लाठी का जवाब लिया जाएगा। जोर जुल्म की टक्कर पर संघर्ष हमारा नारा है।

# कांग्रेस का भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। कांग्रेस ने बिहार और अन्य प्रदेशों में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर नाराजगी जताई है। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने और जन विरोधी और तानाशाही का आरोप लगाया। गुरुवार को रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के समक्ष कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल के बाद देश के लगभग हर तबके का उत्पीड़न किया है। चाहे वह किसी भी वर्ग से रहा हो। अब भाजपा सरकार फिर से चुनाव आयोग का दुरूपयोग करने में लगी है। वोटर लिस्ट से मरे हुए लोगों के नाम काटने की बजाय विपक्षी मानसिकता वाले लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। जबकि बीजेपी के पक्ष में विचार रखने वाले लोगों के वोट एक से अधिक स्थान पर बनाए जा रहे हैं। जिन प्रदेशों में विधानसभा चुनाव हैं, वहां एसआईआर के जरिए लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का वोट बिहार में बना दिया गया है। यहां तक की डॉगी बाबू नाम के कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बिहार में जारी किया गया है, जिससे चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है ' महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार केंद्र ही नहीं बल्कि उत्तराखंड प्रदेश में भी पूरी तरह से निरंकुश हो गई है। यहां भी अराजकता के सारे रिकॉर्ड तोड़े जा रहे हैं। एक तरफ वोट चोरी किए जा रहे हैं, वहीं उत्तराखंड में जिला पंचायत सदस्य और उनके समर्थकों को हथियार के बल पर अगवा किया जा रहा है। इनकी गुंडागर्दी सिर्फ यही नहीं रुकी नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेसी नेता सुमित प्रदेश के साथ भी हाथापाई जैसी घटना इस जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में सामने आई है। कहा कि विधानसभा गैरसैंण सत्र में भी विपक्ष की सुनी नहीं गई। पार्षद देवेंद्र प्रजापति एवं अभिनव मलिक ने कहा कि देश में वोट चोरी की घटना सामने आ रही है, उसे देखते हुए हमें बूथ लेवल पर अभी से वोटर लिस्ट के ऊपर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। सभी अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठे और वोटर लिस्ट में चेक करके जो गलत नाम है उनको कटवाने और सही नाम चढ़वाने का कार्य करें। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन शर्मा, पार्षद भगवान सिंह पंवार सरोजिनी थपलियाल, पार्षद मेघना, संगठन महामंत्री ऋषि सिंघल, ललित मोहन मिश्रा, मदन शर्मा, रुक्म पोखरियाल, एनएसयूआई अध्यक्ष हिमांशु जाटव, सूरत सिंह कोहली, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, भूपेंद्र राणा, प्रवीण गर्ग, अभिषेक शर्मा, मनीष जाटव, विक्रमजीत सिंह, मधु जोशी, अफसाना अंसारी, रेखा कांडपाल सती, विक्रम भंडारी, पुरंजय राजभर, राजेश शर्मा, अक्षत रमोला, मनोज रावत, विजेंद्र कुमार, महेंद्र, आलोक, विकास आदि शामिल रहे।

### 26 दिन बंद रहेगा सुरकंडा रोपवे

नई टिहरी : वार्षिक रख–रखाव के चलते सिद्धपीठ सुरकंडा देवी रोपवे सेवा करीब 26 दिनों तक बंद रहेगी। इसके चलते इस अवधि में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरकंडा देवी की दर्शन के लिए डेढ़ किमी. खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ेगी। यह जानकारी देते हुए रोपवे सेवा के प्रबंधक सीबी सिंह और समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने बताया कि 23 अगस्त शनिवार से अगले माह 17 सितम्बर तक रोपवे का वार्षिक चेकिंग और निरीक्षण किया जाना है। जिसके चलते इस अवधि में रोपवे सेवा पूरी तरह बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि वार्षिक चेकिंग के दौरान टावर, केबिन की मरम्मत, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल कार्य कराए जाएंगे। लोड कैपेसिटी, विंड प्रेशर सहित कई अन्य पहलुओं पर देश और विदेश के एक्सपर्ट इंजीनियर चेकिंग कर निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। बता दें कि रोपवे सेवा शुरू होने के बाद से सुरकंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं को संख्या में तीन गुना तक वृद्धि हो गई है। महिलाओं, बुजुर्ग, बच्चों और दिव्यांगजनों के लिए यह सेवा काफी सुलभ है। (एजेंसी)

# पुरोला में टैक्सी स्टैंड के पास पहाड़ी से आए मलबे से दहशत में लोग

उत्तरकाशी।क्षेत्र में देर रात से हुई मूसलाधार बारिश ने पुरोला और उसके आस–पास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुवा है। जगह–जगह हुए भूस्खलन और जलभराव ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है वहीं पुरोला के मुख्य प्रवेश द्वार पर निर्माणाधीन टैक्सी व बस स्टैंड पर पहाड़ी से मालवा व चीड़ के पेड़ों के गिरने से लोग खासे चिंतित हैं। तहसील गेट के पास पुरोला–नौगांव मुख्य स्टेट हाईवे पर निर्माणाधीन बस व टैक्सी स्टैंड पर बारिश के कारण बुद्धवार सुबह पहाड़ी से पेड़ और भारी पत्थर खिसककर पार्किंग में आ गिरे, जिससे वहां खड़ी कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इन गाड़ियों के मालिकों को भारी नुकसान हुआ है। इस



घटना के बाद, पास के आवासीय भवनों में रह रहे लोग भी डर के साये में रहने को मजबूर हैं। पास में ही रहने वाले अनुज चड्ढा, मुकेश जैन आदि लोगों ने कहा कि पिछले दो वर्षों से यह स्टैंड अधूरा है जबकि पहाड़ी की ओर से इसका ठोस ट्रीटमेंट किया जाना अति आवश्यक है हम लोगों ने कई बार पहले भी नगर पालिका व प्रशासन को खतरे की जद में आवासीय भवनों की सुरक्षा को लेकर अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई सुध नही ली गयी है। वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के चलते हुडोली बाजार के पास बहने वाला गदेरा (पहाड़ी नाला) भी भयानक रूप से उफान पर आ गया। इसके तेज बहाव के कारण स्कूली बच्चों को घंटों एक तरफ इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा, जगह जगह पर भूस्खलन से मोरी रोड पर भी वाहनों की दो घण्टे तक लंबी कतारें लगी रही। वही नगरपालिका की कूड़ा डंपिंग साइट पर भी भूस्खलन हुआ, जिससे कूड़े का एक बड़ा हिस्सा बह गया और डंपिंग साइट को भारी नुकसान पहुंचा।

# नगर निगम द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओं अभियान

हरिद्वार। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी नगर निगम हरिद्वार डा. गम्भीर सिंह तालियान ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के क्रम में एवं नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार नन्दन कुमार के निर्देशन में आज नगर निगम हरिद्वार द्वारा उनके नेतृत्व में टीम गठित कर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया।

उन्होंने अवगत कराया गया है कि नगर निगम की टीम द्वारा चन्द्राचार्य चौक से प्रेमनगर आश्रम के पुल तक अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया, इस दौरान स्थायी अतिक्रमण को धवस्त किया गया साथ ही होर्डिंग्स को हटाया गया एवं अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया तथा दोबारा अतिक्रमण न किये जाने




हेतु सभी को कड़ी चेतावनी भी दी गयी। उन्होंने अवगत कराया है कि अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम द्वारा निरन्तर अभियान जारी रहेगा। इस दौरान श्याम सुन्दर प्रसाद सहायक नगर आयुक्त, श्री संजय शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक,आदित्य तेश्वर, कनिष्ठ सहायक व क्षेत्रीय पर्यावरण पर्यवेक्षक आदि मौजूद रहे।

### मरम्मत कार्य के चलते रायवाला में छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

ऋषिकेश। रायवाला में ऊर्जा निगम 33केवी की लाइन की मरम्मत कार्य शुक्रवार को करने जा रहा है, जिससे चार गांवों में विद्युत आपूर्ति छह घंटे के लिए बाधित की जाएगी। इस मरम्मत कार्य के बाद निगम ने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित होने का दावा किया है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता शक्ति प्रसाद के मुताबिक रायवाला में 33केवी विद्युत लाइन में हरिद्वार फीडर के बीच कवर्ड कंडक्टर डाला जाना है, जिसके चलते यह शटडाउन किया जा रहा है। यह कवर्ड कंडक्टर डलने के बाद रायवाला अंतर्गत खांड गांव, प्रतीतनगर, गौहरीमाफी और रायवाला गांव में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता प्राप्त होगी। शटडाउन के चलते इन गांवों में सुबह 10 से शाम चार बजे तक सप्लाई को बंद रखा जाएगा। इससे पहले भी कवर्ड कंडक्टर डालने का यह कार्य पूरा होता है, तो फौरन सप्लाई को चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए ऊर्जा निगम का सहयोग करने की अपील की है। मालूम हो कि, रायवाला बिजलीघर से करीब पांच हजार उपभोक्ताओं को ऊर्जा निगम बिजली की सप्लाई करता है।

# शिक्षकों का चाक डाउन बहिष्कार चौथे दिन भी जारी

नई टिहरी : शीघ्रताशीघ्र शत-प्रतिशत पदोन्नति व वार्षिक स्थानांतरण जैसी लंबित मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ के चरणबद्ध आंदोलन के तहत चौथे दिन भी शिक्षकों का स्कूलों में चॉकडाउन कार्य बहिष्कार कार्यक्रम पूरे जनपद में जारी रहा। यह आंदोलन निरंतर 24 अगस्त तक जारी रहेगा। जिसके बाद मांगों पर कार्यवाही न होने पर शिक्षक 25 अगस्त को ब्लाक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना देंगे। राजकीय शिक्षक संघ के चरणबद्ध आंदोलन को लेकर राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिलबर सिंह रावत, जिला मंत्री डॉ. बुद्धि सिंह भट्ट, संरक्षक लक्ष्मण सिंह रावत ने बताया कि चौथे दिन भी लंबित मांगों को लेकर चॉक डाउन आंदोलन जारी रहा। यह आंदोलन पूरे टिहरी जनपद के सभी विद्यालयों में निरंतर जारी है और आगामी 24 अगस्त तक चॉक डाउन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर गौर नहीं कर रही है। जिसके चलते लगातार आंदोलन को मजबूर हैं। यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया जाता है, 25 अगस्त को ब्लाक मुख्यालय, 27 अगस्त को जिला मुख्यालय, 29 अगस्त को मंडल मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना किया जायेगा। जबकि आगामी 1 से 9 सितंबर तक शिक्षा निदेशालय पर जनपदवार धरना–प्रदर्शन होगा। टिहरी व चंपावत के शिक्षक 2 सितंबर को निदेशालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# देहरादून जा रहे किसानों पर लाठीचार्ज, बीस घायल



हरिद्वार। देहरादून कूच कर रहे किसानों और पुलिस के बीच बहादराबाद टोल प्लाजा पर तीखी नोकझोंक हुई। आरोप है कि देहरादून जाने की जिद पर अड़े किसान नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दी और किसानों को खदेड़ दिया। इधर, किसानों ने टोल प्लाजा पर ही धरना शुरू कर दिया। आरोप है कि करीब 20 किसानों को चोटें भी आई हैं। गुरुवार को स्मार्ट मीटर के विरोध और फसलों के दाम बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आह्वान पर हरिद्वार जिले से बड़ी संख्या में किसानों का जत्था देहरादून जा रहा था। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर टोल प्लाजा पर जुटने लगे।

सुरक्षा के मध्यनजर पुलिस प्रशासन ने पहले ही टोल प्लाजा पर बैरिकेड लगा दिए। टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसान टोल प्लाजा पार न कर सकें। किसानों और पुलिस के बीच लंबे समय तक नोकझोंक चलती रही। अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन किसान किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। दोपहर होते–होते हालात बिगड़ गए। किसानों ने बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। कुछ किसानों ने बैरिकेड को हाथों से उखाड़ दिया।

### खिर्सू पेयजल लाइन पर बना खतरा

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरासू के समीप भू–कटाव होने के कारण अलकनंदा नदी किनारे बने इंटेक वेल से खिर्सू विकासखंड की पेयजल लाइन खतरे में आ गई है। हाल ही में अलकनंदा नदी के जल स्तर बढ़ने से 50 मीटर से अधिक हिस्सा अलकनंदा पर बनी झील में समा गया था, जिससे हाईवे किनारे बिछायी गयी पेयजल लाइने हवा में झूल गयी थी। हालांकि पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं हुई है, लेकिन तेजी से बढ़ता भू–कटाव भविष्य में गंभीर समस्या खड़ी कर सकती है। फरासू के पास अलकनंदा नदी पर बनी झील की ओर राजमार्ग लगातार धंस रहा है। इससे जल संस्थान की पेयजल योजना की पाइप लाइन खतरे में है। पूर्व में हुए भू–कटाव से यह लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसे जल संस्थान ने दुरुस्त किया था। अब दुबारा बढ़ते भू–कटाव ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता आयुष कंडारी ने बताया कि वर्तमान में पेयजल आपूर्ति सुचारू है, लेकिन पाइपलाइन के लिए खतरा बना हुआ है। कहा कि जल्द ही पाइप लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण किया जाएगा। (एजेंसी)

# सीएम ने लिया बदरीनाथ के लोगों की चिंता का संज्ञान

चमोली : बदरीनाथ में मास्टर प्लान निर्माण कार्य और बदरीनाथ विकास प्राधिकरण को भंग करने के लिए स्थानीय जनता, तीर्थ पुरोहितों, पंडा समाज और व्यापारियों के आन्दोलन का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान में लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को प्रमुख सचिव आवास एवं जिलाधिकारी चमोली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शासन और जिला प्रशासन के समन्वय से हितधारकों से संवाद स्थापित कर आ रही समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में 29 अगस्त को देहरादून में हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में प्रमुख सचिव आवास, जिलाधिकारी चमोली सहित विभिन्न हितधारक और संबंधित पक्ष सम्मिलित होंगे। बैठक का उद्देश्य हितधारकों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन एवं सुझावों पर सकारात्मक विचार-विमर्श करना और जनहित में निर्णय लेना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि बदरीनाथ मास्टर प्लान को इस तरह आगे बढ़ाया जाए, जिससे विकास कार्य भी सुचारु रूप से संचालित हों और स्थानीय जनता की समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित हो। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिला प्रशासन सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। (एजेंसी)

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com